दिनांक 26/08/2022 को ‘महिला समानता दिवस’ के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना , मिशन शक्ति एवं अमर उजाला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जिला परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती रेनू यादव ,जिला महिला कल्याण अधिकारी श्रीमती प्रीति सिंह , महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आनंद शुक्ला जी एवं महाविद्यालय की समस्त सम्मानित प्राध्यापिकाओं ने दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती जी का पूजन करके आज की परिचर्चा का शुभारंभ किया।महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ पूनम दुबे जी ने सभी अतिथियों ,समस्त प्राध्यापिकाओं एवं छात्र / छात्राओं का स्वागत किया और कहा कि महिलाएं शक्ति ,त्याग व समर्पण की प्रतिमूर्ति होती है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य जी ने सभी को महिला समानता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि महिलाओं के क्षमा के गुणों को आत्मसात करते हुए मनुष्यों को अपनी उग्रता और हिंसा समाप्त करनी चाहिए इसके साथ ही आदरणीय प्राचार्य जी ने प्रतिष्ठित कवि मंगलेश डबराल की कविता सुनाते हुए कहा कि ‘एक स्त्री के कारण ही एक स्त्री बची रहती है हमारे भीतर’।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ रचना त्रिवेदी ने परिचर्चा का विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष महिला समानता दिवस की थीम अलग-अलग होती है।इस वर्ष महिला समानता दिवस की थीम है - Women's Right to Vote.णी विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ सुनीता जी ने सभी छात्राओं को बताया कि जब आप स्वयं शिक्षित होंगी तभी आप एक अच्छे परिवार एवं अच्छे समाज की संरचना में सहयोग दे पाएंगी।

मुख्य अतिथि जिला परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती रेनू यादव जी ने बहुत सारी लाभप्रद विधिक जानकारियां प्रदान की। कुमारी सजनवा कुमारी तरन्नुम छात्राओं ने भी अपने विचार रखे। राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ शुभा जी ने सभी आए हुए अतिथियों का एवं छात्र / छात्राओं का आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में हिंदी वि भाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुषमा जी , प्राणी विज्ञान विभाग से डॉ अलका मिश्रा जी , डॉ महजबी जी , B.Ed विभाग से डॉ सुनील वर्मा जी ,डॉ विपिन सिंह जी एवं मिशन शक्ति की प्रभारी डॉ गीता जी ने अपनी गरिमामई उपस्थिति से छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय वर्ष की स्वयंसेवी अतिथि पांडे ने किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना
डी.एस.एन.कॉलेज, उन्नाव
NATIONAL SERVICE SCHEME
amarujala.com
अमर उजाला
अपराजिता
100 MILLION SMILES
नारी गरिमा का साझा संकल्प
राष्ट्रीय सेवा योजना